दिनांक 22.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चीफ जस्टिस

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू होंगे। विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि मलिमठ शुक्रवार को रिटायर हो रहे हैं। न्यायमूर्ति रवि मलिमठ 14 अक्टूबर 2021 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने थे।

नौसेना प्रमुख-संबोधन

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने जोर देकर कहा है कि भारत की तटवर्ती सीमाओं की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना का अस्तित्व में होना बेहद जरूरी है। नई दिल्ली में कल नौसेना मुख्यालय में श्री त्रिपाठी ने आत्मनिर्भता के लिए नौसेना की प्रतिबद्धता को दोहराया।

श्री त्रिपाठी ने समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों के लिए घरेलू समाधान खोजने, नवाचार और प्रौद्योगिकी को अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने नौसेना मुख्यालय के कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल और नौसेना द्वारा की गई जवाबी कार्यवाईयों से भी अवगत कराया।

हज यात्रा

भोपाल से 143 हज यात्रियों का दूसरा जत्था आज सुबह जेद्दा के लिए रवाना हुआ। भोपाल के एयरपोर्ट से जेद्दा के लिए सीधी फ्लाइट उड़ी। दो दिन में कुल 320 यात्री भोपाल से रवाना हुए हैं। हज कमेटी के अध्यक्ष रउफ वारसी ने बताया प्रदेश के करीब 7 हजार हज यात्रियों की रवानगी 21 मई से मुंबई एयरपोर्ट से हो रही है। यह सिलसिला 9 जून तक जारी रहेगा।

शिवपुरी मतगणना

शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कल जिला मुख्यालय पर मतगणना के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

और नोडल अधिकारी प्रशिक्षण उमराव सिंह मरावी सहित प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को यह प्रशिक्षण दिया गया। अब आगामी दिनों में यह मास्टर ट्रेनर्स जिला स्तर पर विभिन्न मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। गौरतलब है कि शिवपुरी जिला मुख्यालय पर 4 जून को लोकसभा चुनाव की पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का काम होगा।

भोजशाला सर्वे

केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में वैज्ञानिक पद्धति से सर्वेक्षण हो रहा है। आज सर्वे का 62वां दिन हैं। सुबह एएसआई के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भोजशाला में सर्वे के तहत आज का काम शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में की गई खुदाई में तीन-तीन फीट गहराई और बढ़ गई है, अब 20 फीट तक खुदाई हो चुकी है। अब मशीनों के आने का इंतजार है, तभी यह सर्वे व्यापक और वैज्ञानिक रूप होगा।

मौसम

प्रदेश में पिछले चार दिनों से तेज गर्मी और लू का प्रकोप है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के शहर भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर हो जाते हैं, जबकि रातें भी गर्म हैं। ग्वालियर-चंबल के साथ अब मालवा-निमाड़ भी गर्म है। यहां दिन का तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच जाता है। मौसम विभाग ने 24-25 मई से पूरे प्रदेश लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, आज भीषण गर्मी के अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। इससे पहले कल प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 45 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे एलिमिनेटर मैच में आज शाम अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना राजस्थान रॉयल से होगा। एलिमिनेटर का विजेता शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीँ, कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. छतरपुर में लोकसभा चुनाव में मतगणना कार्य को सम्पन्न कराने के लिए एआरओ, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 26 मई को आयोजित किया जाएगा।

2. आगरमालवा कृषि विज्ञान केन्द्र एवं किसान कल्याण और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किसानों में मृदा परीक्षण जागरूकता लाने की कड़ी में ग्राम निपानिया हनुमान में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया .

3. सागर जिले के सागर-सिलवानी हाईवे पर दो वाहों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

4. इंदौर से चारधाम यात्रा पर निकली दो महिलाओं की आज सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी बस पंजाब में एक ट्रॉला से टकरा गई। इस हादसे में 15 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।